प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 28.05.2024 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- नये आपराधिक कानूनों को राज्य में लागू करने के संबंध में मुख्य सचिव सुधांश पंत ने ली अधिकारियों की बैठक, कहा – लोगों को नये कानूनों के बारे में किया जाये जागरूक।

- प्रचंड गर्मी के दौर के बीच नोतपा के तीसरे दिन भी जनजीवन रहा बेहाल–बीस शहरों में पारा पहुंचा 46 डिग्री के पार।

- ललित कला अकादमी राज्य के विभिन्न अंचलों में लुप्त हो रही कलाओं को बनाये रखने के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित करेगी।

- माहवारी स्वच्छता दिवस आज–इस वर्ष का विषय पीरियड फ्रेंडली वर्ल्ड

0000

नये आपराधिक कानूनों को राज्य में लागू किये जाने के सम्बन्ध में मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिव ने नए कानूनों के अनुरूप सभी कानूनी पेशेवरों, अनुसंधान अधिकारियों और अभियोजकों को सुचारु बदलाव के लिए शिक्षित करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे नए प्रावधानों का बुनियादी ज्ञान और समझ मिल सकेगी। श्री पंत ने नये आपराधिक कानूनों के सम्बन्ध में विभिन्न विभागों की ओर से अपने अधिकारियों और कार्मिकों को दिये जा रहे प्रशिक्षण की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य नागरिकों को त्वरित न्याय प्रदान करना तथा न्यायिक और अदालत प्रबंधन प्रणाली को मजबूत करना है। उन्होंने पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों को निर्देश दिए कि पुलिस और जेल कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए कर्मयोगी पोर्टल का उपयोग करें। आमजन को नये कानूनों के बारे में शिक्षित और जागरूक करने के लिए श्री पंत ने प्रिंट, इलैक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया की कार्ययोजना तैयार करने के भी आदेश दिए। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने हाल ही में अपराधिक कानूनों में बदलाव किये है। एक जुलाई से पूरे देश में लागू होने वाले तीन नये आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नगारिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बैठक में गृह विभाग से जुड़े कई अधिकारी मौजूद रहे।

00000

प्रदेश में प्रचंड गर्मी का दौर जारी है। नौतपा के तीसरे दिन कल भी झुलसाने वाली गर्मी और तेज लू ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया। फलौदी तीसरे दिन भी सबसे ज्यादा 49 दशमलव 4 डिग्री सैल्सियस तापमान के साथ सबसे गर्म स्थान रहा। ये सामान्य से 6 दशमलव 3 डिग्री सैल्सियस ऊपर रहा। बाडमेर में पारा 49 दशमलव 3 डिग्री सैल्सियस पर पहुंच गया। बीकानेर, चूरू, श्रीगंगानगर, धौलपुर, कोटा, पिलानी, वनस्थली, फतेहपुर और करौली में तापमान 48 डिग्री सैल्सियस से ऊपर रहा। वहीं 20 शहरों में पारा 46 डिग्री सैल्सियस से ऊपर मापा गया। राजधानी जयपुर में कल इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। यहां दिन का तापमान 46 दशमलव 4 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। भरतपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां नोतपा का असर बढने के कारण जनजीवन अस्तव्यस्त है। आमजन को राहत देने के लिए प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है।

......

बाडमेर में भी लोगों को प्रचंड गर्मी से राहत दिलाने के लिए जिला प्रशासन के साथ विभिन्न समाजसेवी संस्थाएं सहयोग कर रही है।

......

दिन के साथ रात में भी तापमान में बढोतरी होने से लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है। सबसे ज्यादा 36 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान कोटा में दर्ज हुआ जो सामान्य से 5 डिग्री ज्यादा है। लगभग सभी स्थानों पर रात का तापमान 30 से 35 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार गर्मी का ये दौर अभी बना रहेगा। विभाग ने आज 10 जिलों में गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य में ये गर्मी का पीक है। कल से

इसमें धीरे–धीरे कमी आने की संभावना है। इस बीच राज्य में भीषण गर्मी से जनता को राहत देने के लिए सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों की कडी में कल चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को व्यवस्थाओं में किसी भी तरह की कमी नही रखने के निर्देश दिए। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि भीषण गर्मी की वर्तमान स्थिति में आमजन को स्वस्थ और सामान्य जीवन के लिए आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

000000

राजस्थान ललित कला अकादमी राज्य के विभिन्न अंचलों में लुप्त हो रही कलाओं को बनाये रखने के लिए तथा लोगों को इन कलाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से प्रशिक्षण शिविर आयोजित करेगी। अकादमी की प्रशासक डॉ. आरुषि मलिक ने बताया कि बूंदी शैली के लिये समसामयिक कला दीर्घा कोटां में, फड पेंटिंग के लिये भीलवाडा में, टेराकोटा मृण कला के लिये उदयपुर में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये जायेंगे। अजमेर में जल रंग, बीकानेर में उस्ता कला और मथेरन कला के प्रशिक्षण शिविर लगेंगे। उन्होंने बताया कि इस क्रम में अकादमी संकुल जयपुर में कैलीग्राफी, म्यूरल और पेपर मेकिंग कार्यशालाओं भी आयोजन किया जायेगा। ये ग्रीष्मकालीन शिविर अगले महीने से आयोजित होंगे।

0000

प्रदेश में मिलावट के खिलाफ अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। खाद्य सुरक्षा और औषधि नियंत्रण आयुक्त इकबाल खान के नेतृत्व में कल जयपुर के सरना डूंगर स्थित एक फर्म पर कार्रवाई कर करीब 16 हजार लीटर खाद्य तेल सीज किया गया। अतिरिक्त आयुक्त पकंज ओझा ने बताया कि फर्म में तेल की रिपैकिंग की एनओसी भी मौके पर नहीं पाई गई और अन्य कई कमियां मिली। एक ही परिसर में एक ही तेल की अलग–अलग ब्रांड के नाम से पैकिंग पाई गई। उधर बीकानेर में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने एक मसाला कंपनी का निरीक्षण कर वहां से मसालों के नमूने लिये। इन्हें जांच के लिए जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला भिजवाया गया है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

0000

आज माहवारी स्वच्छता दिवस है। यह दिवस सभी के लिए सुलभ मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन के पक्ष् में एक वैश्विक आंदोलन को दर्शाता है। इस वर्ष का विषय है पीरियड फ्रेंडली वर्ल्ड। यह आवश्यक सामूहिक प्रयास पर जोर देता है कि मासिक धर्म से गुजर रहीं प्रत्ये्क महिला के पास अपने मासिक धर्म को गरिमा के साथ प्रबंधित करने के लिए ज्ञान और संसाधन हो। इस दिवस को मनाने की पहल 2013 में जर्मनी आधारित गैर सरकारी संगठन–वॉश यूनाइटेड द्वारा की गयी थी। भारत में भी सरकार ने माहवारी स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने ग्रामीण क्षेत्रों में 10–19 वर्ष की आयु वर्ग की किशोरियों के बीच मासिक धर्म स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए एक योजना शुरू की है। ग्रामीण किशोरियों के लिए रियायती दर पर सैनिटरी नैपकिन पैक की विकेंद्रीकृत खरीद के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को धन उपलब्ध कराया जा रहा है।

0000